# कक्षा 10 [सामाजिक विज्ञान]

# यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. यूरोपियन राष्ट्रवाद से आप क्या समझते हैं?**

*(Up Board 2013,2018,2022)*

उत्तर- यूरोप में 1919 ई० से 1939 ई० तक की 20 वर्षीय अवधि विकास और परिवर्तन का काल थी। इस काल में यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय को यूरोपियन राष्ट्रवाद की संज्ञा दी गयी।

**प्रश्न 2. यूरोप में फ्रांसीसी क्रान्ति से राजनीतिक और संवैधानिक परिदृश्य में हुआ प्रमुख बदलाव क्या था?**

***(CBSE Board 2015)***

उत्तर- यूरोप में फ्रांसीसी क्रान्ति से राजनीतिक और संवैधानिक परिदृश्य में हुआ बदलाव निरंकुश राजतन्त्र का विरोध तथा गणतन्त्र के प्रति बढ़ता लगाव था।

**प्रश्न 3. फ्रांसीसी क्रान्ति की उस घटना का वर्णन कीजिए जिसने यूरोप के अन्य भागों में रहने वाले लोगों के जीवन को प्रभावित किया।** (V.Imp. 2023)

उत्तर- फ्रांसीसी क्रान्ति में उभरे नारे स्वतन्त्रता, समानता और बन्धुत्व ने यूरोप के अन्य भागों में रहने वालों को स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।

**प्रश्न 4. 1861 में एकीकृत इटली का राजा किसे घोषित किया गया था?** (CBSE Board 2016)

modelpaper.info

उत्तर- 1861 में इमेनुएल द्वितीय को एकीकृत इटली का राजा घोषित किया गया था।

**प्रश्न 5. फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था?** (CBSE Board 2015)

उत्तर- फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य फ्रांस से राजतन्त्र समाप्त करके वहाँ लोकतन्त्र की स्थापना करना था।

**प्रश्न 6. सम्पूर्ण यूरोप में 1830-1848 में शिक्षित अभिजात वर्ग के मध्य राष्ट्रीय भावनाओं का संचार करने वाली घटना का नाम लिखिए।** (CBSE 2016)

Download More Model Paper PDF/Notes- Visit- http://www.modelpaper.info

उत्तर - सम्पूर्ण यूरोप में 1830 1848 में शिक्षित अभिजात वर्ग के मध्य राष्ट्रीय भावनाओं का संचार करने वाली घटना 'यूनान का स्वतन्त्रता संग्राम थी।

**प्रश्न 7. रूपक से क्या अभिप्राय है? इसका एक उदाहरण बीजिए।** (CBSE 2016)

उत्तर - किसी अमूर्त विचार, स्वतन्त्रता तथा मुक्ति की भावना को किसी व्यक्ति के माध्यम से व्यक्त करना रूपक कहलाता है। 'भारत माता' रूपक का एक उदाहरण है।

**प्रश्न 8. 1832 की उस सन्धि का नाम लिखिए जिसने यूनान को एक स्वतन्त्र राष्ट्र की मान्यता दी।** (CBSE 2016)

उत्तर- 1832 में सम्पन्न हुई कुस्तुनतुनिया की सन्धि ने यूनान को एक स्वतन्त्र राष्ट्र की मान्यता दी थी।

**प्रश्न 9 जनवरी 1871 में वर्साय में हुए एक समारोह में किसको जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया था?**

(CBSE 2016 & Up Board 2020)

अथवा

**जर्मन राष्ट्र का प्रथम सम्राट कौन घोषित किया गया था?**

उत्तर - जनवरी 1871 में वर्साय में हुए एक समारोह में प्रशा के काइजर विलियम प्रथम को जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया था।

**प्रश्न 10. 1815 के बाद के वर्षों में यूरोप के क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य क्या था ?** (CBSE Board 2016)

उत्तर—1815 के बाद के वर्षों में यूरोप के क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य गुलामी से मुक्ति पाकर स्वतन्त्र गणतन्त्र की स्थापना करना था।

modelpaper.info

**प्रश्न 11. इटली के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तीन नेताओं के नाम लिखिए।** (UP Board 2018, 20)

उत्तर- इटली के एकीकरण में मेजिनी, कावूर और गैरीबाल्डी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**प्रश्न 12. 1868 के स्कॉलर्स रिवोल्ट का विद्रोह का मुख्य उद्देश्य क्या था?** (CBSE BOARD 2016)

उत्तर- 1868 के स्कॉलर्स रिवोल्ट का मुख्य उद्देश्य फ्रांसीसी एकाधिकार एवं ईसाई धर्म के प्रभाव को कम करना था।

Download More Model Paper PDF/Notes- Visit- http://www.modelpaper.info

**प्रश्न 13. कार्बोनरी क्या थी? उसका मुख्य उद्देश्य क्या था ?** (Most Imp.2023)
उत्तर- कार्बोनरी इटली के क्रान्तिकारियों का एक गुप्त संगठन था। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशियों को इटली से निकाल बाहर करना था।

**प्रश्न 14. यूरोप के राष्ट्र-राज्य से क्या आशय है?**
(VV Imp.2023)
उत्तर - यूरोप में राष्ट्रप्रेम और भक्ति पर उदित हुए राज्य को राष्ट्र राज्य कहा गया।

**प्रश्न 15. निरंकुशवाद से क्या आशय है?**

उत्तर - ऐसी शासनिक सत्ता जिस पर किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं होता है, उसे निरंकुशवाद कहा जाता है।

**प्रश्न 16, जनमत संग्रह को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर - प्रत्यक्ष मतदान की वह विधि जिसके द्वारा लोगों से किसी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए पूछा जाता है, जनमत संग्रह कहलाती है।

**प्रश्न 17. वियना कांग्रेस सम्मेलन कब और कहाँ हुआ था? इसकी अध्यक्षता किसने की थी?**
(UPMSP 2020)
उत्तर - वियना कांग्रेस सम्मेलन वियना में 1815 में हुआ था। इसकी अध्यक्षता आस्ट्रिया के चांसलर ड्यूक मैटरनिख ने की थी।

**प्रश्न 18. बिस्मार्क कौन था? उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि क्या थी?**
**(अथवा) जर्मनी के एकीकरण में सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान किसका था?** (UP BOARD 2017,2020)
modelpaper.info
उत्तर-ऑटो वॉन बिस्मार्क प्रशा का चांसलर था। जर्मनी का एकीकरण उसका सबसे बड़ा योगदान था।
**प्रश्न 19. मार्टिन लूथर कौन था? उसका मुख्य योगदान क्या था?** (UP BOARD 2020)
उत्तर- मार्टिन लूथर जर्मनी का एक समाज सुधारक था। उसका मुख्य योगदान प्रोटेस्टेन्ट धर्म की स्थापना करना था।
**प्रश्न 20. यातना शिविरों का क्या अर्थ है?** (CBSE BOARD 2015)

उत्तर- यातना शिविरों से अभिप्राय उन शिविरों (जेलों) से है जहाँ बिना कानूनी प्रक्रिया किये लोगों को कैद में रखा जाता है तथा उन्हें यातनाएँ दी जाती है।

**प्रश्न 21. फ्रांस की क्रान्ति के दो परिणाम बताइए।**
[BEST Q (UP BOARD 2014, 17, 18, 20)]

Download More Model Paper PDF/Notes- Visit- http://www.modelpaper.info

उत्तर- (i) आस्ट्रिया का एकीकरण, तथा
(ii) फ्रांस में राजतन्त्र के स्थान पर समाजवाद की स्थापना ।

**प्रश्न 22. फांस की क्रान्ति से सम्बन्धित किन्हीं दो दार्शनिकों के नाम लिखिए?** (UP BOARD 2022)
उत्तर- (i) वाल्टेयर, तथा (ii) रूसो ।

modelpaper.info

Download More Model Paper PDF/Notes- Visit- http://www.modelpaper.info